# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बस्तर

क्र. 4065/मान्यता/शि.का.अ./निरीक्षण/2025 जगदलपुर, दिनांक 28/03/2025

## –:: निरीक्षण प्रतिवेदन ::–

दिप्ती कान्वेंट स्कूल, तोकापाल विकासखण्ड– तोकापाल जिला बस्तर में 24/03/2025 को उपस्थित होकर शाला में उपलब्ध संसाधनों एवं शाला संचालन हेतु शासन द्वारा जारी गाईड लाइनों का पालन किये जाने के संबंध में भौतिक परीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राप्त तथ्यों का बिन्दुवार विवरण निम्नानुसार है–

- दिप्ती कान्वेंट स्कूल, तोकापाल को सत्र 2012–13 में 13 जून 2019 से प्रारंभ किया गया था।
- संस्था का **डाईस कोड–22152300510** आबंटित किया गया है।
- संस्था में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाती है।
- संस्था में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक की कक्षाओं में कुल दर्ज संख्या 390 है, जिसमें 203 बालक एवं 187 बालिकाएं है।
- संस्था में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं में अध्यापन हेतु प्राचार्य सहित कुल 16 शिक्षक उपलब्ध है। सभी शिक्षकों के पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता है एवं सभी शिक्षक प्रशिक्षित है। संस्था में कार्यालयीन कार्य हेतु 02 कर्मचारी एवं अन्य कार्यो हेतु 8 कर्मचारी कार्यरत है।
- संस्था में कक्षाओं का संचालन शासन द्वारा जारी कोविड गाईड लाईन के अन्तर्गत किया जा रहा है। बच्चों एवं शालेय शिक्षकों द्वारा सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए मास्क का उपयोग भी किया जा रहा है। शाला भवन में प्रवेश के समय बच्चों के हाथों को सेनेटाईज़ किया जाता है एवं थर्मलस्केनिंग भी की जाती है।
- संस्था का दो मंजिला पक्का भवन है। भू–तल में 14 कक्ष है एवं प्रथम तल में 12 कक्ष है। अध्यापन हेतु कुल 20 कक्ष है।
- प्रत्येक कक्षा के लिए पृथक–पृथक आधुनिक सुविधा युक्त अध्यापन कक्ष है। संस्था में बच्चों के प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है।

- भवन के प्रत्येक कक्षों में 01–01 CCTV कैमरा उपलब्ध है, जो कि कार्यशील है, जिसका मॉनीटरिंग संचालक, प्राचार्य एवं सर्वरकंट्रोल रूम से की जाती है। भवन में कुल 35 CCTV कैमरे उपलब्ध है।
- शाला में पुस्तकालय कक्ष उपलब्ध है जिसमें वर्तमान में 50 बच्चे एक साथ बैठकर पुस्तकालय सुविधा का लाभ ले सकते है।
- बच्चों के लिए प्ले–गेम, संगीत कक्ष, कम्पोज़िटलैब, इन्डोर एक्टीविटी रूम, आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष, नृत्य कक्ष, आई.टी. लैब, इन्फरमरी रूम, पृथक–पृथक कक्षों में उपलब्ध है।
- अध्यापन हेतु समस्त कक्षाएं भू–तल एवं प्रथम तल में लगाई जा रही है। सभी कक्षाओ में Interactive white board की सुविधा उपलब्ध है।
- संस्था में अग्नि शंमन संयत्र भूतल एवं प्रथम तल में लगाया गया है।
- संस्था में नर्सरी, प्राथमिक तथा माध्यमिक वर्ग के लिए अलग–अलग आर.ओ. युक्त शुद्ध पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध है।
- संस्था में बालक–बालिकाओं हेतु पृथक–पृथक आधुनिक शौचालय उपलब्ध है। संस्था में शौचालयों की साफ–सफाई हेतु पृथक से सफाई कर्मचारी पदस्थ है।
- संस्था में खेलकूद हेतु आउटडोर मैदान उपलब्ध है, खेलकूद मैदान लगभग 100x40 वर्गमीटर का है। संस्था में छोटे बच्चों के लिए मनोरंज पार्क व्यवस्था है एवं हैण्डबाल, बैडमींटन, फूटबाल, खो–खो एवं हैण्डबाल हेतु पृथक से खेल मैदान उपलब्ध है।
- बच्चों के आवागमन हेतु 01 बस एवं 01 ट्रेक्स वाहन उपलब्ध है। दोनो वाहनों में CCTV Camera एवं पैनिक बटन लगाया गया है। प्रत्येक बस हेतु 01 ड्राईवर एवं 01 कडेक्टर कार्यरत है। बसों में प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है।
- शाला में वृक्षारोपण कराया गया है।
- शाला में प्रवेश हेतु 02 द्वारा उपलब्ध है, आपात स्थितियों में निकासी हेतु पृथक से 02 अन्य द्वार संस्था में उपलब्ध है।
- संस्था द्वारा अपने पत्र क्रमांक 43–2025 दिनांक 14/01/2025 के माध्यम से दस्तावेज़ प्रस्तुत किये गये है। स्थल परीक्षण में इन दस्तावेज़ों का परीक्षण किया गया, जो सही पाये गये।

नोडल अधिकारी
जिला–बस्तर जगदलपुर

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बस्तर, जगदलपुर